एकड़ उपजाऊ मौजूद रहे।

वीडियो काल से होगी निर्माण की निगरानी

जागरण संवाददाता, भटहट : आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण की प्रगति पर कुलपति वीडियो काल से निगरानी करेंगे। इसके निर्माण में अब मनमानी नहीं चलेगी।

गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर एके सिंह विश्वविद्यालय के निर्माण स्थल का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी चेतावनी दी थी। इसके बावजूद तेजी नहीं दिख रही है। वीसी ने कहा कि अभी तक आंतरिक सड़कें, एप्रोच का कार्य ठप पड़ा है। उन्होंने निर्माण कंपनी के जनरल मैनेजर संजय सिंह को दो शिफ्ट में कार्य कराने के लिए निर्देश दिया।